तापमान

अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024

12 अंबाला शहर को मिली 2 नए फीडरों की सौगात



12 कहानी सुनाओ स्पर्धा में गुरसीरत ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए टू ने थाना अंबाला शहर क्षेत्र से नशा तस्करी के मामले में आरोपी नितिन को 114 ग्राम 22 मिलिग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। सूचना के बाद पुलिस ने हीरा नगर के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पुलिस को 114 ग्राम 22 मिलिग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी वेद प्रकाश को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 26 अक्तूबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 नवंबर 2022 से 26 सितंबर 2023 के दौरान आरोपी वेद प्रकाश व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### सड़क हादसे में करनाल के वृद्ध की जान गई

**पानीपत।** पानीपत में गांव जोशी रोड पर स्कूटी सवार जयपाल निवासी गांव कालरो, जिला करनाल को तेज रफ्तार बोलेरो चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में जयपाल की मौत हो गई। वहीं मृतक के पुत्र अशोक की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने जहां पोस्टमार्टम के बाद जयपाल का शव उन्हें सौंप दिया।

### हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव वैसर निवासी सूरज की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूरज, 24 दिन पहले सडक हादसे में घायल हुआ था। इस पुलिस ने पानीपत के सिविल अस्पताल में सूरज के शव का पोस्टमार्टम करवाया और मृतक के भतीजे अभिषेक के बयान दर्ज कर शव उन्हें सौंप दिया।

### जलते चूल्हे पर गिरने से प्रवासी महिला झुलसी

**पानीपत।** पानीपत के भारत नगर में प्रिया पत्नी मोनू जलते चूल्हे पर गिर कर झुलस गई। वहीं प्रिया के चीखने की आवाज सुनकर साथ वाले कमरे में से देवर मौके पर पहुंचा और उसने प्रिया को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। पता चला है कि प्रिया को दौरे आते है और चाय बनाने के दौरान उसे दौरा आ गया और वह चूल्हे पर गिर कर झुलस गई।

### विदेशी मुद्रा चोरी, पुलिस ने केस दर्ज किया

**पानीपत।** पानीपत के नूरवाला स्थित गुलाशन चावला निवासी माटा चौक, वार्ड 11 के वेस्ट गोदाम में चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की। गुलशन चावला ने बताया कि चोर उनके गोदाम में रखा इनवर्टर, बेटरी, एलइडी, 12 किलो वजनी एक कट्टा चेन का और गल्ले से 10 हजार रुपए की विदेशी करेंसी चोरी कर ले गए।

# तेंदुए के हमले का शिकार बच्चा डिस्चार्ज, रिपोर्ट आने के बाद फिर पीजीआई बुलाया, परिजनों की बढ़ी चिंता

## वन्य प्राणी विभाग ने नकारा, कहा-कहीं नहीं मिले तेंदुए के पंजों के निशान, आसपास के गांवों में ग्रामीणों में बढ़ी दहशत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

ठरवा गांव में तेंदुए के हमले का शिकार हुए 5 साल के बच्चे दीपांशु को सोमवार की देर शाम पीजीआई चंडीगढ़ से छुट्टी मिल गई। इसके बाद दीपांशु के गांव में सकुशल लौटने पर ग्रामीणों में खुशी देखी गई। तेंदुए के इस हमले के बाद सभी की आंखें दीपांशु पर लगी हुई थी। दीपांशु 24 घंटे से भी अधिक समय तक डॉक्टरों की निगरानी में रहा। दीपांशु की गर्दन पर गहरे घाव हैं। उसकी दादी रीटा देवी ने कहा कि चंडीगढ़ पीजीआई से दीपांशु को छुट्टी मिल गई थी। इसके बाद वह सोमवार की रात को पीजीआई से वापस घर लौटे। उन्होंने कहा कि दीपांशु की हालत में उस समय तक कुछ सुधार था लेकिन वह कुछ भी खाने पीने में अभी असमर्थ है। वह न तो बोल पा रहा था ना ही कुछ खा पा रहा है । दादी ने बताया कि उसे तेंदुए ने ही अपना शिकार बनाया है। अस्पताल में हुए कुछ टेस्ट की रिपोर्ट लंबित थी। मंगलवार की सुबह वह रिपोर्ट आने के बाद उन्हें तुरंत चंडीगढ़ बुलाया गया। परिवार के लोग दीपांशु को लेकर चंडीगढ़ गए हैं। उन का कहना था कि उन की बहू रजनी ने अपनी आंखों से तेंदुए को दीपांशु पर हमला करते हुए देखा है। इस घटना के बाद वह भी काफी भयभीत है। ग्रामीण प्रार्थना करने में जुटे हैं कि बच्चा जल्द स्वस्थ हो।

■ वन्य प्राणी विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया लेकिन कोई निशान नहीं मिले

ठरवा गांव में तेंदुए द्वारा एक बच्चे को घायल किए जाने के बाद निकटवर्ती गांवों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है। बीते रोज रात को भी ठरवा के नजदीकी गांव नुर्द में तेंदुआ देखे जाने का शोर हुआ। इसके चलते पुलिस ने भी मौका किया। वन्य प्राणी विभाग की टीम ने सर्च अभियान भी चलाया । इससे पहले ग्रामीणों ने भी सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए पटाखे बजाए। वन्य प्राणी विभाग को गोकलगढ़, जफरपुर, भूखड़ी गांव से भी इसी प्रकार की सूचनाएं मिली लेकिन टीम को सर्च अभियान के दौरान कहीं भी तेंदुए होने के किसी प्रकार के कोई निशान नहीं मिले। वन्य प्राणी विभाग तेंदुआ होने की बात सिरे से नकारा है। इस के साथ ही गांव नुर्द में तेंदुआ देखे जाने का शोर तो खूब हुआ लेकिन ऐसा कोई व्यक्ति सामने नहीं आया जिसने की पुष्टि की हो।







**अंबाला।** तेंदुए के हमले में जख्मी बच्चा, मरा पड़ा कुत्ता व सूचना के बाद गांव में पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### कुत्ते की मौत से परेशान हुए ग्रामीण

ठरवा गांव से सटे सुरगल गांव में कुत्ते की मौत होना भी कहीं न कहीं जंगली जानवर उतरने की और इशारा कर रहा है। ग्रामीण कुत्ते को मौत के घाट उतार जाने का कारण तेंदुए के हमले को मान रहे है। गौरतलब है कि गांव सुरगल में एक कुत्ते की बुरी तरह जख्मी होने के बाद मौत हो गई। इसके बाद वन्य प्राणी विभाग के कर्मचारियों ने मौके का मुआयना किया। टीम का कहना था कि कुत्ते की मौत का कारण अन्य कुत्तों द्वारा घायल किया जाना रहा है। ठरवा,, गोकलगढ़,भूखड़ी, नुरद गांव में भी कुत्तों के मरने की बात सामने आई । इससे लोगों को वहां तेंदुआ होने की बातों पर विश्वास होने लगा । गांव के सरपंचों ने वन्य प्राणी विभाग की टीमों से संपर्क साधा । अधिकांश जगह तो कुत्ते मरने की खबर झूठी निकली। गोकलगढ़ और ठरवा गांव में कुत्ता मरने की बात सामने आई। आसपास जितने भी पांव के निशान मिले वो सभी कुत्तों के बताए जा रहे है। वन्य प्राणी विभाग ने तेंदुआ होने की अभी तक पुष्टि नहीं की है।

### वायरल वीडियो भी फेक

मंगलवार को कई गांवों से तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिली थी । मौके पर कोई व्यक्ति देखे जाने की पुष्टि नहीं कर सका । ग्रामीणों ने पांव के निशान दिखाए हैं वो सभी कुत्तों के हैं। हमने मौके सभी ग्रामीणों को मौके पर जाकर संतुष्ट किया है। तेंदुआ फिलहाल तक नहीं दिखाई दिया है। ठरवा के पास पिंजरा लगाया हुआ है। उन्होंने बताया कि वायरल वीडियो भी फेक हैं। कोई भी इसको लेकर अफवाह न फैलाए।

राकेश कुमार, इंस्पेक्टर, वन्य प्राणी विभाग

# राज्यस्तरीय राहगीरी कार्यक्रम 21 जुलाई को

## मुख्यमंत्री होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर राज्यस्तरीय राहगिरी कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम विषय को समर्पित होगा। इस राहगिरी में 5 हजार से ज्यादा युवा, खिलाड़ी, आंगनबाड़ी वर्कर, एनसीसी, एनएसएस के वालियंटर, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अधिकारी व कर्मचारी हिस्सा बनेंगे। अहम पहलू यह है कि 21 जुलाई को सुबह 6 बजे से लेकर 8 बजे तक ब्रह्मसरोवर के वीवीआईपी घाट पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा और मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। जबकि हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा विशिष्ट अतिथि के रुप में पहुंचेंगे। एडीसी डा. वैशाली शर्मा मंगलवार को लघु सचिवालय एनआईसी के सभागार में राज्य स्तरीय राहगिरी कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी। एडीसी ने कहा कि उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में 21 जुलाई को सुबह 6 बजे से लेकर 8 बजे तक ब्रह्मसरोवर के वीवीआईपी घाट पर आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय राहगिरी की तमाम तैयारियां की जाएंगी। इस कार्यक्रम में 5 हजार से ज्यादा नागरिक शिरकत करेंगे और राहगिरी को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का काम करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे और पर्याप्त मात्रा में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

■ ब्रह्मसरोवर के वीवीआईपी घाट पर होगा कार्यक्रम

### मैराथन में 50 हजार एथलीट भाग लेंगे

**पानीपत।** विश्व विख्यात औद्योगिक नगरी पानीपत 28 जुलाई को इतिहास रचने जा रही है। इस दिन इस पावन धरा पर राष्ट्रीय स्तरीय मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। पूरा प्रशासन इस मैराथन की कामयाबी को लेकर गहन मंथन व चिंतन कर रहा है। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरूष व महिलाओं की मैराथन दुनिया के सबसे बड़े खेल महाकुंभ ओलंपिक की तर्ज पर होगी। उपायुक्त ने बताया कि इस भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रशासन द्वारा शहर के प्रमुख संस्थानों व एसोसिएशनस के साथ कई बैठकें आयोजित की जा चुकी है।

■ पूरा प्रशासन इस मैराथन की कामयाबी को लेकर गहन मंथन व चिंतन कर रहा

वहीं, डीसी डॉ दहिया ने हर जिले के उपायुक्त को जिला खेल अधिकारी के माध्यम से इस मेगा आयोजन के लिए बेस्ट एथलीट की सूची भेजने का अनुरोध किया गया है।

# युवा किसान को मिली हाईकोर्ट से जमानत

## तय कार्यक्रम के तहत किसान एसपी ऑफिस पर करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेहड़ा को जमानत मिल गई है। नवदीप की रिहाई के लिए किसानों ने बुधवार को एसपी ऑफिस के घेराव का ऐलान किया है। किसानों ने कहा कि युवा किसान की रिहाई के बावजूद पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी हो गई हैं। प्रदर्शन के लिए किसान पहले शहर की अनाजमंडी में एकजुट होंगे। इसके बाद वे एसपी ऑफिस के लिए कूच करेंगे। उधर प्रशासन की ओर से किसानों के प्रदर्शन को प्रतिबंधित किया गया है। प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले किसानों के पासपोर्ट भी पुलिस ने रद्द करने का ऐलान किया है।

■ एसपी ऑफिस के 200 मीटर के दायरे में पांच से अधिक लोगों के जमा पर होने पर लगाई पाबंदी

### रिहाई के लिए चल रही थी कसरत

कैनन ब्वॉय के नाम से मशहूर युवा किसान नवदीप सिंह को पुलिस ने कुछ समय पहले ही चंडीगढ़ एयरपोर्ट से काबू किया था। नवदीप के खिलाफ पुलिस ने शंभू बॉर्डर के पास पुलिस के जवानों पर कातिलाना हमला करने समेत कई गंभीर आरोप लगे थे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने युवा किसान पर किसानों को भड़काने की भी बात कही थी। नवदीप के खिलाफ पुलिस ने पहले भी केस दर्ज किया हुआ था। किसानों का आरोप है कि पुलिस ने नवदीप के खिलाफ झूठे केस दर्ज कर उसे टॉर्चर किया है। उसके परिजनों का भी आरोप था कि पूछताछ के दौरान नवदीप सिंह पर पुलिस ने खूब जुल्म ढहाए थे। इसी वजह से किसान युवा किसान की रिहाई के लिए कसरत कर रहे थे।

### धारा 163 लागू की गई

जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर जिलाधीश डॉ. शालीन द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश ने बताया कि युवा किसान नवदीप सिंह जलबेड़ा की रिहाई की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा व किसान मजदूर मोर्चा द्वारा 17 व 18 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करने की योजना प्रस्तावित है। जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए इन आदेशों के तहत पांच या इससे ज्यादा व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी।एसपी कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में किसी प्रकार की भीड़ एकत्रित नहीं हो सकती। किसी भी व्यक्ति या ग्रुप या वाहन (कार, ट्रक, ट्रेक्टर, ट्रॉली, टूव्हलीर, मॉडिफाई ट्रैक्टर, जेसीबी, हाइड्रा, अर्थमूवर, एक्सावेटर इत्यादि जो संपति को नुकसान पंहुचा सकता है) के चलने पर भी पाबंदी रहेगी। कोई भी व्यक्ति लाठी, डंडा, तलवार, अग्नेयास्त्र, विस्फोटक पदार्थ इत्यादि को लेकर चलने पर भी पाबंदी रहेगी। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों और सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। यह आदेश 17 से आगामी दो मास तक लागू रहेंगे।

किसान संगठनों की ओर से बुधवार व वीरवार को एसपी ऑफिस के घेराव का ऐलान किया था। इसके लिए किसानों की ओर सभी तैयारियों की गई थी।

भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने कहा कि बेशक युवा किसान नवदीप सिंह को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है लेकिन किसान एसपी ऑफिस पर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी किसान शहर की अनाजमंडी में जमा होंगे। यहां से एसपी ऑफिस की ओर कूच किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नवदीप को लोगों के प्रेशर से जमानत मिली है। अब लोगों के प्रयास से ही रिहाई संभव होगी।

# केयू आईआईएचएस के बीए, एमएससी इकोनॉमिक्स व एमएससी बायोटेक में दाखिले की तीसरी मेरिट सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीए, एमएससी इकोनॉमिक्स व एमएससी बायोटेक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की तीसरी मेरिट सूची जारी की गई।

यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध तीसरी मेरिट सूची के अनुसार बीए के लिए अभ्यर्थियों को 17 जुलाई को कमरा संख्या 26 में, एमएससी इकोनॉमिक्स के लिए अभ्यर्थियों को आईआईएचएस की इकोनॉमिक्स विभाग की न्यू बिल्डिंग तथा एमएससी बायोटेक के लिए कमरा संख्या 26ए में 19 जुलाई को 8 बजकर 30 मिनट पर अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीए में ऑल इंडिया जनरल की तीसरी मेरिट 99.2 से 93.2 तक, हरियाणा जनरल की 93 से 91.8, ऑल इंडिया जनरल ईडब्ल्यूएस की 90.2 से 89.8 तक, हरियाणा ईडब्ल्यूएस 89.4 से 88.2, हरियाणा एससी 91.8 से 91.6, हरियाणा डी-एससी की 88.8, हरियाणा बीसीए 91 से 89.8, हरियाणा बीसीबी 90 से 88.8 तक तथा डीए/ईएसएम/एफएफ की 55.6 पर समाप्त हुई।

# होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

होस्टल मैस वर्कर यूनियन ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति के ओएसडी पवन रोहिल्ला और कुलसचिव के ओएसडी पंकज शर्मा को अपना मांग पत्र सौंपा। होस्टल मैस वर्कर यूनियन के प्रधान सुभाष पारचा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में मैस कर्मचारी 30-35 वर्षो काम कर रहे हैं लेकिन आज तक मैस कर्मचारीयों ना तो सरकार द्वारा तय किया वेतन दिया। इसलिए मैस वर्कर यूनियन प्रशासन से यह मांग कर रहे है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में डी ग्रुप के 300पद खाली है। मैस कर्मचारियों को इन पदों पर पक्का किया जाए। मांग पत्र देने वाले होस्टल मैस वर्कर यूनियन के महासचिव कृष्ण चन्द सैनी, कोषाध्यक्ष अमन कुमार दुग्गल, मुख्य सलाहकार रजनीश मिश्रा, लेखा निरीक्षक सुशील दीक्षित, सहसचिव उमा शंकर, प्रैस सचिव भारत लाल लोधी कार्यकारिणी सदस्य आनंद सिंह आदि मौजूद थे।

■ मैस कर्मचारियों को पक्का किए जाने की मांग



# हत्या करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

यमुनानगर। गांव छप्पर में मेढ़ काटने को लेकर हुए झगड़े में डंडों व रॉड से हमला कर वीरेंद्र की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर प्रभारी रामफल ने बताया कि वीरेंद्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने गौरव की शिकायत पर राजिंद्र, सोहन, मनीष, मोहन, संजीव, सौरव, बंटी व विपिन के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी मोहन व मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, छप्पर पुलिस ने वीरेंद्र की हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हाइवे पर जाम लगाने वाले 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हैड कांस्टेबल युवराज सिंह ने बताया कि अश्वनी कुमार, राजेश कुमार, सुमेर चंद, सतीश, नरेश, निखिल, अजय, राजू, अनिल व रमेश सैनी ने हाइवे पर जाम लगाया था।

सृष्टि के पालनकर्ता भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में चार माह के लिए योगनिंद्रा में जाएंगे

# आज देवशयनी एकादशी से लगेगा चातुर्मास चार महीनों तक नहीं होंगे शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धार्मिक शास्त्रों के अनुसार जब देवशयनी एकादशी पर भगवान विष्णु 4 माह के लिए शयन करते हैं, तब सभी तरह के मांगलिक कार्य वर्जित होने के कारण इन माहों में धार्मिक कार्य करना अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। जैसे पूजा पाठ ध्यान मनन हवन जाप करके अपने अंतर्मन की शक्तियों को जगाने का समय होता है।

अतः देवउठनी एकादशी के बाद से ही विवाह आदि शुभ मंगल कार्य आरंभ किए जाते हैं। इसी कारण भगवान श्रीहरि नारायण की विशेष कृपा पाने के लिए चातुर्मास के इस काल में पूजन-अर्चना, आराधना-साधना, पाठ आदि कार्य करना उचित माना गया है। गायत्री ज्योतिष के डॉ रामराज कौशिक ने बताया की हिन्दू कैलेंडर के अनुसार आषाढ़ महीने में दो एकादशी आती है। एक शुक्ल पक्ष में और दूसरी कृष्ण पक्ष में। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी या हरिशयनी एकादशी कहते हैं।



डॉ रामराज कौशिक

■ देव शयनी एकादशी को सौभाग्यदायिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है

इस दिन से सृष्टि के पालनकर्ता भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में चार माह के लिए योगनिंद्रा में चले जाएंगे। अतः इस दौरान सभी शुभ कार्य वर्जित होंगे। देव शयनी एकादशी को सौभाग्यदायिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान श्रीविष्णु को इन खास मंत्रों का जाप करके सुलाया जाता है।

### देवशयनी एकादशी के शुभ मुहूर्त

पारण (व्रत खोलना) शुभ समय- गुरुवार 18 जुलाई को, 05.46 सुबह से 08.06 सुबह तक।

पारण के दिन द्वादशी तिथि का समापन समय- 12.14 पर।

# चातुर्मास के लिए स्थानक में जैन साध्वियों का आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जैन साध्वी श्री सुप्रज्ञा का अपनी शिक्षा शिष्याओं श्री सुधर्म, श्री श्रुत, श्री समित, श्री संपति का अग्रवाल मंडी स्थानक में चातुर्मास हेतु आध्यात्मिक हर्षोल्लास के साथ मंगल प्रवेश हुआ। यह उल्लेखनीय है कि श्री सुप्रज्ञा की माताजी सुश्राविका प्रेमवती बड़ी तपस्विनी हैं और गत 31 वर्षों से लगातार वर्षी तप कर रही हैं अर्थात 31 वर्षों से एक दिन उपवास, एक दिन पारणा करती हैं। साध्वी श्री सुधर्म और साध्वी श्री संपति श्री सुप्रज्ञा की संसारपक्षीय सगी चचेरी बहनें हैं। इधर, प्रवेश के पावन अवसर पर ननिहाल पक्ष की महिलाओं करुणा जैन, पुष्पा जैन, सोनिया जैन, मुस्कान जैन, सुनिता जैन, रेखा जैन, निशा जैन, अंशु जैन, प्रियंका जैन, शिल्पा जैन, चारु जैन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। फरीदाबाद से श्री एसएस जैन महासभा, हरियाणा के मंत्री प्रो. रविंद्र जैन, उत्तम नगर, दिल्ली के श्री संजय जैन ने भी सभा को संबोधित किया। मधुर गायक अभिषेक जैन ने भजन प्रस्तुत किया। जबकि अग्रवाल मंडी स्थानक के महामंत्री राजेंद्र जैन ने महासाध्वी के उज्ज्वल संयमी जीवन का संक्षिप्त परिचय दिया। इस अवसर पर सर्वश्री प्रधान गौतम जैन, सुभाष जैन, जगदीश जैन, शिवचरण जैन, डॉ.ए.पी.जैन, मनोज जैन, राजेंद्र जैन,भरतेश जैन, प्रवीण जैन, मुकेश जैन, निकेश जैन, त्रिलोक जैन, नवीन जैन, आदि श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

■ ननिहाल पक्ष की महिलाओं ने प्रवेश के पावन अवसर पर स्वागत गीत प्रस्तुत किया



पानीपत ।जैन स्थानक में जैन साध्वियों का स्वागत करते हुए श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### व्यक्ति पर रॉड व विंडों से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** गांव बलाचौर निवासी रूपेंद्र पर रंजिश के चलते चार लोगों ने रॉड व विंडों से हमला कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बाइक सवार ने व्यक्ति से छीना सोने का छल्ला

**यमुनानगर।** जगाधरी के संत थॉमस स्कूल के पास बीती रात बाइक सवार युवक ने एक व्यक्ति से सोने का छल्ला व एप्पल का फोन छीन लिया। व्यक्ति रात को एक्टिवा पर अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद गांव भटौली निवासी मोहन लाल की शिकायत पर अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### बारह वर्षीय बच्ची के साथ दो युवकों ने की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में 12 वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी बच्ची को पिछले तीन महीने से उसका पीछा कर परेशान कर रहे थे। मामले में अभी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### हत्या करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

यमुनानगर। गांव छप्पर में मेढ़ काटने को लेकर हुए झगड़े में डंडों व रॉड से हमला कर वीरेंद्र की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर प्रभारी रामफल ने बताया कि वीरेंद्र की हत्या करने के मामले में पुलिस ने गौरव की शिकायत पर राजिंद्र, सोहन, मनीष, मोहन, संजीव, सौरव, बंटी व विपिन के खिलाफ केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी मोहन व मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, छप्पर पुलिस ने वीरेंद्र की हत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हाइवे पर जाम लगाने वाले 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हैड कांस्टेबल युवराज सिंह ने बताया कि अश्वनी कुमार, राजेश कुमार, सुमेर चंद, सतीश, नरेश, निखिल, अजय, राजू, अनिल व रमेश सैनी ने हाइवे पर जाम लगाया था। जिस कारण हाइवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी।

## कंवरपाल ने जगाधरी में 84 लाख के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# पूर्व की सरकारों की अपेक्षा भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में हुए दस गुणा विकास कार्य

कांग्रेस कभी सविधान खत्म करने तो कभी ईवीएम के नाम पर तरह तरह की भ्रांतियां फैला कर जनता को गुमराह करने का काम कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी में विकास कार्यों का शिलान्यास करके शुभारंभ करते हुए कृषि मंत्री कंवरपाल। फोटोः हरिभूमि

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन के रास्ते पर चलकर हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। भाजपा सरकार के सुशासन एवं विकास से प्रभावित होकर विपक्षी दल मुद्दाविहीन हो गए हैं। प्रदेश में रही पूर्व की सरकारों की अपेक्षा भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान हरियाणा में दस गुना अधिक विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी में आयोजित कार्यक्रम में 84 लाख रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए कहे। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस कभी सविधान खत्म करने तो कभी ईवीएम के नाम पर तरह तरह की भ्रांतियां फैला कर जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। जबकि संविधान को खत्म करने वाली कांग्रेस है। भाजपा ने हमेशा सविधान का सम्मान किया है। उन्होंने बताया कि जिला में विभिन्न प्रकार के हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य पूर्ण करवाए जा चुके हैं और अधूरे विकास कार्यों को भी तुरन्त पूरा करवा दिया जाएगा।

ताकि लोगों को इनका लाभ मिल सकें। कृषि मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी के गुलाबनगर में 34 लाख रुपये व बावा कालोनी में 16 लाख रुपये और गढ़ी बंजारा गांव में 34 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गलियों, नालियों एवं और पानी की निकासी के लिए भूमिगत पाइपलाइन डालने, शमशान घाट के नवीनीकरण के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों का नारियल फोड़कर व शिलान्यास करके शुभारंभ किया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने कांग्रेस के शासन काल से दस गुना ज्यादा विकास कार्य करवा दिए है। कांग्रेस के समय ग्रामीण विकास में केवल 600 करोड़ रुपये खर्च किए गए। जबकि भाजपा राज में 7676 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं जो की उससे कई गुना ज्यादा हैं। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है भौतिक विकास के साथ साथ सामाजिक व धार्मिक विकास को भी बढ़ावा मिला है।

### विपक्षी दलों द्वारा भाजपा के खिलाफ गलत धारणाओं को करना है दूर

कृषि मंत्री कंवरपाल ने बताया कि सरकार द्वारा प्रत्येक जिला को विकास कार्यों के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपये की सौगात दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि अब कोई भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता है कि विकास कार्य किसी एक जगह पर हो रहे हैं। बल्कि बिना किसी भेदभाव हरियाणा के सभी क्षेत्रों में विकास कार्य समान रूप से करवाए जा रहे हैं। यही वजह है कि अब केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद हरियाणा प्रदेश में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का समय है। हमें विपक्षी दलों द्वारा जो जो गलत धारणाएं भाजपा के खिलाफ आम जनता में फैलाई गई हैं उनको आम जनता के बीच जाकर दूर करना है और सरकार की जनहित की योजनाओं को भी जन जन तक पहुंचाना है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विपुल गर्ग,महामंत्री अंकित गोयल,मांगे राम पंवार, रमेश कश्यप, राहुल, संजय राणा, भानु डारिया व रोहताश कोचर आदि मौजूद रहे।

## लॉन टेनिस प्रतियोगिता में विवान ने मारी बाजी

- अंडर-10 आयु वर्ग में कुरूक्षेत्र टीम के प्रभजोत सिंह को 7-0 से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता जीतने के बाद विवान को बधाई देती प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के विवान गुप्ता ने अंडर-10 आयु वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने फाइनल मैच में कुरूक्षेत्र टीम के प्रभजोत सिंह को 7-0 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 जुलाई तक करनाल में आयोजित हुई थी। प्रतियोगिता में उनके स्कूल के विवान गुप्ता ने अंडर-10 आयु वर्ग में भाग लिया था। विवान ने प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके अपने आयु गुरप में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने विवान के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एसके रोड के क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



गांव दामला में टूटा पड़ा एसके रोड।

सहारनपुर-कुरूक्षेत्र मार्ग पर टोल प्लाजा के नजदीक सड़क के बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के बावजूद प्रशासन का इस तरफ ध्यान नहीं है। यही कारण है कि आए दिन कोई न कोई वाहन यहां पर क्षतिग्रस्त हो जाता है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर, अशोक कांबोज डांगी, महेंद्र चमरौड़ी, पवन गोयल, मदनलाल कांजनु, उदय सिंह कुंजल आदि ने बताया कि एसके रोड टोल प्लाजा दामला के पास सड़क पूरी तरह टूटकर गड्ढे में बदल चुकी है। जिससे हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं रोड टूटने के कारण वहां पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। लेकिन सरकार का इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़े दुख की बात है यहां से हर रोज सरकार के मंत्री, विधायक व प्रशासन के बड़े अधिकारी निकलते हैं। लेकिन उन्होंने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

## शिकायतों का किया जा रहा समाधान

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 52 शिकायतें रखी गई। जिनका शिविर की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने समाधान कर दिया। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि समाधान शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी,आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि 52 शिकायतें आई। जिनका मौके पर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समाधान किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि मंगलवार को शिविर में भाटिया नगर निवासी जानकी देवी, कांसापुर निवासी विजयलक्ष्मी, प्रोफेसर कालोनी निवासी वीरा देवी, कमलजीत सिंह के परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को ठीक करके बुढ़ापा पेंशन लगवाई गई। पुराना हमीदा निवासी सुफियान की दिव्यांग पेंशन लगाई गई। पुलिस अधीक्षक ने शिविर में पुलिस विभाग से संबंधित आई शिकायतों का मौके पर संबन्धित थाना प्रभारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों ने पौधरोपण कर स्वच्छता का दिया संदेश

- संत थॉमस विद्यालय जगाधरी के विद्यार्थियों ने गांव दड़वा में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। संत थॉमस स्कूल जगाधरी के विद्यार्थी दड़वा में पौधारोपण करते हुए।

संत थॉमस विद्यालय जगाधरी द्वारा वन विभाग के सहयोग से दो दिवसीय पौधारोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों ने गांव दड़वा में खाली पड़ी भूमि पर विभिन्न किस्म के सैंकड़ो पौधे लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चांदना लाल ने पौधा रोपण करके किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. चांदना लाल ने बताया कि पौधारोपण अभियान चलाए जाने का मुख्य उदेश्य पर्यावरण का संरक्षण करना और लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने के लिए जागरुक करना रहा।

उन्होंने बताया कि दो दिवसीय पौधारोपण अभियान के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों व स्टॉफ सदस्यों ने जामुन, आम, अमरुद, हर सिंगार, अमलतास, सल्फाल केसिया आदि समेत फलदार, औषधीय व छायादार सैकड़ो पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने का आजकल उचित समय चल रहा है। इस समय सभी का कर्तव्य बनता है की पर्यावरण के स्वास्थ्य की भागीदारी में अपना उचित सहयोग दें।

### पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बढ़ रही

प्रधानाचार्य डॉ. चांदना लाल ने कहा की इंसान के जीवन से लेकर अन्य तमाम आवश्कताएं पूरी करने के लिए पेड़ो की आवश्यकता पड़ती है। वहीं, पर्यावरण स्वच्छ रहता है और प्रदूषण से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि आज तेजी से पेड़ो का कटान किया जा रहा है। जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए हम सभी को जागरुक होना पड़ेगा। डॉ. चांदना लाल ने कहा कि पेड़ लगाना ही कर्त्तव्य नहीं है, बल्कि उनका पालन पोषण करना भी बेहद जरूरी है। क्योंकि वृक्ष भी सभी को छाया, औषधीयां, लकड़ी व फल आदि देकर पालन पोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ सामाजिक कार्यों के प्रति भी जागरूक करना है।



## प्राप्ति व वैदिक गुलाटी ने जीती निबंध प्रतियोगिता

**रादौर।** एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में मंगलवार को टाटा बिल्डिंग इंडिया की ओर से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। स्कूल में सर्वे करने आई टीम ने बच्चों से भारत को स्मार्ट भारत बनाने में युवाओं के योगदान के बारे में बातचीत की। बच्चों ने निबंध लेखन के माध्यम से अपने विचार प्रकट किये। कक्षा छठी से 8वीं तक के बच्चों में प्राप्ति ने पहला, वंश कांबोज ने दूसरा व खुशबु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से 12वीं तक के बच्चों में वैदिक गुलाटी प्रथम, रमनीत कौर द्वितीय व सोनम तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को स्वर्ण, रजत व कांस्य मेडल के साथ-साथ प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के चेयरमैन अनिल कांबोज ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण होती हैं। जिससे बच्चों का मानसिक विकास होता है।

## सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने के लिए किया जागरुक

- जिला में सूचना व जन संपर्क विभाग द्वारा चलाया जा रहा है विशेष प्रचार अभियान
- जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताड़ा ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। गांव बिजौली में आमजन को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने के लिए गीतों के माध्यम से जागरुक करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकार।

हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ सूचीबद्ध कलाकार विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़ व उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में जिले भर में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करने के साथ साथ नागरिकों को सामाजिक कुरीतियों के प्रति भी जागरूक करने के लिए विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत विभाग के कलाकारों द्वारा दर्जनों गांव में जाकर लोगों को सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने के लिए जागरुक किया और सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया गया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सुनील बसताड़ा ने बताया कि हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं सहित महिला सशक्तिकरण से संबंधित महिला कल्याणकारी नीतियों सहित अन्य जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सूचनाए जन संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग की ओर से चलाया जा रहा विशेष अभियान यमुनानगर जिला में प्रभावी रूप से अपने उद्देश्य की सार्थकता को सिद्ध कर रहा है।

### गीतों से किया जागरुक

डॉ. बसताड़ा ने बताया कि सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के प्रचार अमले के कलाकारों की टोली ने लोगों को नशे से होने वाले नुकसान एवं नशे से बचाव समेत बीपीएल परिवारों को निःशुल्क यात्रा उपलब्ध करा रही हैप्पी कार्ड योजना, किसानों के आर्थिक हितों को सुरक्षित करने वाली मेरी फसल मेरा ब्यौरा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला उद्यमिता योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित महिला सशक्तिकरण से संबंधित अनेक योजनाओं बारे आमजन को समझाने वाली सरल शैली में जागरूक किया।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम जरूर लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण से बचाव के उद्देश्य से वन मित्र और एक पेड़ मां के नाम योजना शुरु की है। इसलिए इस योजना के तहत सभी एक पेड़ अपनी मां नाम जरुर लगाएं। ताकि पर्यावरण संरक्षण कर उसे प्रदूषण से बचाया जा सके। उक्त जानकारी उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में एक पेड़ मां के नाम से एक अनूठे अभियान की शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री ने कहा था कि जितना सम्मान हम अपनी जन्म देने वाली मां को देते हैं। उतना ही सम्मान हमें हमारा पालन पोषण करने वाली धरती मां को भी देना होगा। अपनी मां के नाम पौधा लगाने से मां का तो सम्मान होगा ही साथ ही धरती मां की भी रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश को हरा भरा बनाकर प्रदूषण मुक्त करने के लिए कृतसंकल्प है। इसी के तहत एक पेड़ मां के नाम योजना का हरियाणा में भी विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि समस्त संसार के लिए पर्यावरण प्रदूषण चिंता का विषय है।

अभियान

केंद्र से लेकर प्रदेश की बीजेपी सरकार पर सवालों की बौछार

## हरियाणा मांगे हिसाब अभियान को लेकर यमुनानगर पहुंचे सांसद दीपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। कांग्रेस की पदयात्रा में सांसद दीपेंद्र हुड्डा के साथ शामिल लोगों का हुजूम।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किये गए हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के दूसरे दिन यमुनानगर विधान सभा में पदयात्रा कर भाजपा सरकार के 10 साल के कुशासन के खिलाफ जवाब मांगा। यात्रा सिविल अस्पताल से शुरू होकर सरदार भगत सिंह चौक तक चली। इस दौरान भीषण उमस और धूप के बावजूद सड़कों पर जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। पदयात्रा का कई जगह लोगों ने जेसीबी से फूल बरसाकर भव्य स्वागत किया। यात्रा रूट पर किसानों, अधिवक्ताओं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का स्वागत किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इसके अलावा हुड्डा ने कहा कि यमुनानगर के लोग सवाल पूछ रहे हैं कि यहां के सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के 100 पद खाली क्यों हैं। अस्पताल की बिल्डिंग क्यों टूट रही है।

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है कि हरियाणा के नौजवान का भविष्य, हरियाणा के किसान का सम्मान, हरियाणा की बेटियों का मान-सम्मान, हरियाणा में संविधान, हरियाणा में जय जवान जय किसान जय संविधान का नारा बजना चाहिए। हरियाणा को आगे लेकर जाने की लड़ाई को वे लड़ेंगे और जीतेंगे। मौके पर अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण मुलाना, विधायक बीएल सैनी आदि मौजूद थे।

### यमुनानगर में चल रहा है खनन माफिया : हुड्डा

दीपेन्द्र हुड्डा ने प्रदेश सरकार पर सवालों की बौछार करते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री बताएं कि बीजेपी ने 10 साल में यमुनानगर की दुर्दशा क्यों की, यमुनानगर बीते 10 वर्षों का हिसाब मांग रहा है। यमुनानगर का बुरा हाल हो गया है। बीजेपी बताए यमुनानगर नगर निगम भ्रष्टाचार का अड्डा क्यों बना है। यमुनानगर में नालों की सफाई तक नहीं हुई। वो कौन लोग हैं जो यमुनानगर में खनन माफिया को संरक्षण दे रहे हैं। यमुनानगर में थर्मल कारखाना जिसे कांग्रेस सरकार ने बनवाया था, उसकी कैपेसिटी बढ़वाने की बात बीजेपी ने कही थी, लेकिन 10 साल हो गये कितनी कैपेसिटी बढ़ाई गई। इसके अलावा यमुनानगर से चंडीगढ़ रेल लाइन को सैद्धांतिक मंजूरी दिलाई थी उस पर कौन सी ट्रेन चल रही है। यमुनानगर से असंध की रेल लाइन का क्या हुआ। उन्होंने कहा कि यमुनानगर में रेल नहीं चली लेकिन खनन माफिया चल रहा है।

## पैक्स केंद्र हरनौल के जसवंत बने प्रधान

- पैक्स केंद्र हरनौल में सर्वसम्मति से हुआ प्रधान व उपप्रधान पद का चुनाव
- निदेशकों ने नवनिर्वाचित प्रधान व उप प्रधान को फूलमालाएं पहनाकर व लड्डू खिलाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। गांव हरनौल में नवनियुक्त पैक्स केंद्र के प्रधान व उपप्रधान का फूलमालाएं व मुंह मीठा करवाकर बधाई देते निदेशक और समर्थक।

पैक्स केंद्र हरनौल में प्रधान व उप प्रधान पद के लिए चुनाव किया गया। इस दौरान चुनाव में पैक्स केंद्र के सभी निदेशकों ने भाग लिया। निदेशकों ने सर्वसम्मति से जसवंत सिंह टेही को प्रधान व रमेश गलौली को उप प्रधान चुन लिया। चुनाव प्रक्रिया में कॉपरेटिव सोसायटी एआर कार्यालय यमुनानगर से इंस्पेक्टर पंकज कुमार व सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक यमुनानगर के डीओ सुशील शर्मा ने पीठासीन अधिकारी के रुप में भाग लिया।

इस दौरान अध्यक्षता पैक्स केंद्र हरनौल के प्रबंधक राजबीर पंजेटा टोपरा ने की। हरनौल पैक्स केंद्र के नवनिर्वाचित प्रधान जसवंत सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पैक्स केंद्र से किसानों को हर संभव सुविधा दिलवाना रहेगी। इस अवसर पर बलदेव सिंह, नरेंद्र कुमार, जरनैल सिंह, घनश्याम सिंह, गोपाल सिंह, हिशम सिंह, सुषमा रानी, किरण देवी व निर्मल सिंह आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### ट्रेफिक नियमों के बारे में किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भागवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मां शारदा के समक्ष दीप -प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुलिस विभाग की ओर से वरिष्ठ अधिकारी जोगिंदर ने छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि हमें अपने बाई तरफ चलना चाहिए तथा हमें ट्रेफिक लाइटों ,लाल बत्ती के बारे में बताया उन्होंने छात्रों को जागरुक करते हुए कहा कि उन्हें अपने परिवार को भी हेलमेट्र व सीट बैल्ट लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अगर किसी का एक्सीडेंट हुआ पड़ा है तो उसकी हेल्प करनी चाहिए। सरकार की तरफ से एक्सीडेंट लोगों की हेल्प करने वाले को 5 हजार रुपये का नगद इनाम भी दिया जाता है। हमें अपने वाहनों को स्पीड लिमिट के अनुसार ही चलना चाहिए। उनके पश्चात सब इंस्पेक्टर शेर सिंह जो रोड सेफ्टी इंचार्ज है उनका वक्तव्य रहा उन्होंने साइबर क्राइम से सावधान होने के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अनिल मदान ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## एक पेड़ मां के नाम विषय को समर्पित रहेगा पौधरोपण अभियान

# कुरुक्षेत्र में 5 लाख 52 हजार 560 पौधे लगाने का निर्धारित किया टारगेट : सुधा

पूरे हरियाणा में इस अभियान के तहत 3 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर इस सीजन में वन विभाग की तरफ से 5 लाख 52 हजार 560 पौधे लगाने का टारगेट निर्धारित किया है। इस सीजन में वन विभाग की तरफ से विभिन्न किस्मों के 4 लाख 25 हजार पौधे निशुल्क वितरित किए जाएंगे। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में चलने वाला पौधरोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम विषय को समर्पित रहेगा। खास बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार पूरे हरियाणा प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम पर 3 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र कुरुक्षेत्र का हर गांव, हर सड़क, हर गली पेड़ की छांव में हो, ऐसा लक्ष्य लेकर धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में इस बार भी बड़े स्तर पर एक पेड़ मां के नाम विषय को लेकर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस पौधारोपण अभियान के तहत लगभग विभिन्न किस्म के लाखों पौधे रोपित करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। कुरुक्षेत्र को ग्रीन डिस्ट्रिक्ट के रुप में विकसित करने की कमान हर नागरिक को एक संकल्प के संभालनी होगी। कुरुक्षेत्र में औसतन पिछले वर्षो के अपेक्षा बरसात कम हो रही और यहां का भूजल स्तर भी काफी नीचे चला गया है। इसका कारण कुरुक्षेत्र जिले में लगातार पेड़ों का कम लगने का है और पेड़ों की कटाई भी की जा रही है। इस कमी को जहन में रखते हुए और मुख्यमंत्री नायब सिंह के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र को हरा-भरा करने का एक लक्ष्य निर्धारित किया है।



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते राज्य मंत्री सुभाष सुधा। फोटो : हरिभूमि

### विभिन्न नर्सरियों में तैयार किए गए लाखों पौधे

जिला वन अधिकारी कुलविंद्र ने कहा कि वन विभाग की जिला कुरुक्षेत्र की विभिन्न नर्सरियों में लाखों पौधे तैयार किए गए है। इनमें छायादार किस्म में नीम बरगद, बकैण और डैंक, भैंरा, पीपल, पिलखन, सागवान, पापरी, कदम्ब, महुआ, मौलसिरी, काजलिया, गुल्लर, गुमहर के पौधे है। टिम्बर किस्म के पौधों में शीशम, सफेद, इलांटस, अर्जुन, पोपलर, शिरिस, जाकरेन्दा, तून के पौधे है। फ्यूल देने वाली किस्म में कीकर, पहाड़ी पापरी, ढेक, सजावट की किस्म में आसटोलिया, अमलतास, गुलमोहर, कुसुम, मालेशिया, लैजिस्टोनिया, चकरासियां, मोगनी, सेसा गालुका, बोटल बुश, सेसिया शामिया, सिल्वर आक, काजुरियान, हाल्दु, सागवान, सुहांजने, बूगनबेल, रात की रानी, दिन का राजा, गुलाब, कनेर, कचनार, गुडेल, सीता अशोक, अशोक, चांदनी, तुलसी, गिलोय, मेहंदी, पुटेरमजिवा के पौधे शामिल है। इसके अलावा फलों में जामुन, अमरुद, अनार, पपीता, अंगूर, बालफटेर, नीम, आम, आंवला, शहतूत, लसूड, गलगल, कटहल, बेरी, सुहांजना, इमली, आड, आलूबुखारा के पौधे नर्सरियों में है।

## एनएचएम कर्मचारी 24 जुलाई से करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ संबंधित भारतीय मजदूर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विपिन कुमार द्वारा की गई। भारतीय मजदूर संघ की तरफ से सोहन लाल गुप्ता सह क्षेत्रीय संगठन मंत्री का मार्गदर्शन रहा। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज आत्रेय ने बताया कि पिछले कार्यकारिणी की बैठक 17 जून को जिला जींद में की गई थी और निर्णय लिया गया था कि 24 जून को पूरे हरियाणा के एनएचएम कर्मचारियों ब्लैक रिबन लगाकर अपना रोष प्रकट करेंगे। 2 जुलाई को सिविल सर्जन को मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन दिया गया था। 5 जुलाई से 12 जुलाई तक सभी भाजपा के जिला अध्यक्षों व एमएलए को ज्ञापन सौंपे गए। इस निर्णय अनुसार सरकार को यह चेताया गया था कि अगर 14 जुलाई तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया जाता है तो कर्मचारी आंदोलन के लिए विवश होंगे। सभी जिलों की सहमति से निर्णय लिया गया है कि अगर सरकार 23 जुलाई तक मांगों को पूरा नहीं करती है तो 24 जुलाई से 3 दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे और सरकार अगर फिर भी मांगो को नहीं मानती है तो लंबी लड़ाई से भी पीछे नहीं हटेंगे।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में विकास, लोकेश, हरदीप, बबीता, सुमन, हरकेश, नितेश, अमित शर्मा, पवन, देवी राम, सुरेंद्र कुमार, परमजीत, दिनेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, विक्रम सोनी, सतपाल, गोपाल शर्मा, आशीष शर्मा, नसीब ढांडा, जगत बिसला, बुधराम, नरेश, अनिल कुमार, रोहित, डॉक्टर पुष्पेंद्र, सुरेंद्र, राजेश अलेवा, गौरव सहगल, आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रो. भगवान सिंह ने संभाला जियोफिजिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष का कार्यभार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार जियोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर भगवान सिंह चौधरी ने सोमवार को जियोफिजिक्स विभाग के अध्यक्ष का पदभार संभाला। इस अवसर पर उन्होंने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे पूरी लगन व निष्ठा से कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. आरबीएस यादव, डॉ. मनीषा संधू, डॉ. सुशील कुमार मौजूद थे।

## सरकार के खिलाफ लिपिकों का सांकेतिक धरना जारी

- मांगों के लिए चली साइकिल यात्रा दूसरे दिन भी जारी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी जिला कुरुक्षेत्र के सचिव राकेश बैनीवाल की अध्यक्षता में राज्य कार्यकारिणी के आदेशानुसार जिला सचिवालय के बाहर लिपिक वर्ग के कर्मचारियों का लगातार दूसरे दिन भी सांकेतिक धरना जारी रहा। उन्होंने बताया कि लिपिक वर्ग की मांग के लिए चली हुई साइकिल यात्रा लगातार दूसरे दिन भी जारी रही। एसोसिएशन के जिला सचिव ने बताया कि मंगलवार को चंडीगढ़ सचिवालय में एसोसिएशन के प्रतिनिधी मण्डल और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर के बीच बैठक पूर्व निर्धारित थी लेकिन सुबह ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों के पास संदेश आ गया कि बैठक प्रशासनिक कारणों से एक दिन के लिए स्थगित की जाती है और बैठक कल दोबारा होगी। सांकेतिक धरने पर सुरेश चंद, वीरेंद्र, यशपाल, जितेंद्र, जय कुमार, सोहन, सुरिंदर, आशीष, मनोहर, संजीव, कृष्ण, राकेश, मंजू बाला, राकेश कुमार, पवन, मुकेश, राजेश, सचिन, अनिल, सुशील, मुकेश के अलावा भी कई कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### केयू स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आज

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में बुधवार को केयू स्वास्थ्य केन्द्र व मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम के संयुक्त तत्वावधान में केयू कर्मचारियों एवं आस-पास के लोगों के लिए केयू हेल्थ सेंटर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए केयू स्वास्थ्य केन्द्र के एडमिनिस्ट्रेटर व चिकित्सक डॉ. आशीष अनेजा ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि मेदान्ता अस्पताल, गुरुग्राम की ओर से आने वाली स्वास्थ्य जांच विशेषज्ञों की टीम द्वारा शिविर में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य की जाएगी।

## सर्व समाज मिल जुलकर रहे : इकबाल सिंह

- राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा पहुंचे रजवंत कौर के आवास पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा धर्मनगरी कुरुक्षेत्र पहुंचे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर शिक्षक संघ की प्रधान एवं शुभकर्मन चैरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन रजवंत कौर के ग्रीन सिटी एनक्लेव में स्थित आवास में पहुंचने पर सिख समाज के सैंकड़ों लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके साथ डॉ. स्वामी रामेश्वरानंद का भी स्वागत किया गया। समाजसेवी रजवंत कौर ने अपने आवास पर पहुंचने पर इकबाल सिंह लालपुरा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे समाज के सभी 36 बिरादरियों को भलाई और विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। कुरूक्षेत्र में भी उन्होंने सर्व समाज के लोगों से समाज को और बेहतर बनाने हेतु सुझाव मांगे। कुरुक्षेत्र में पिपली रोड पर स्थित ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के साथ लगती ग्रीन सिटी एनक्लेव में सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे गणमान्य लोगों ने इकबाल सिंह लालपुरा का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान इकबाल सिंह लालपुरा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सिख समाज का एक गौरवशाली इतिहास रहा है। सिख गुरुओं ने और असंख्य सिख सूरमाओं ने समूची मान्यता की भलाई के लिए अपनी कुर्बानियां दीं, आज उन सबको पूरे आदर और सम्मान के साथ याद किया जाता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सर्व समाज मिलजुल कर रहे ताकि समाज और देश की दिन दुगनी तरक्की हो। इस मौके पर नरेंद्र सिंह विर्क, हरजीत सिंह मोंगा, गुरतेज सिंह सेखों, अमीर सिंह, जितेंद्र सिंह शंटी, परमिंदर पाहवा, जसबीर वड़ैच, जगतार सिंह सहित अनेक लोगों ने अपने विचार भी रखे।



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा का स्वागत करती रजवंत कौर। फोटो : हरिभूमि

**न्यूज डायरी**

### पौधरोपण कर देखभाल का लेना होगा संकल्प

**कुरुक्षेत्र।** लॉटस ग्रीन सिटी सेक्टर-9 वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान सुखविंद्र सिंह ने कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुरुक्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को पौधा लगाना होगा। इस पौधारोपण अभियान के साथ आमजन को जोड़ने का प्रयास जिला प्रशासन की तरफ से किया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र के नागरिकों को संकल्प लेकर पौधा रोपण करना होगा। अहम पहलू यह है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोटस पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीनियर सिटीजन गुरदेव कौर, गुरबचन कौर, हरजिंद्र, अमनदीप कौर, रजनी, सुखदीप सिंह, एडवोकेट अमन, डा. नरेंद्र सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया। प्रधान सुखविंद्र सिंह ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम के तहत कुरुक्षेत्र को ग्रीन जिला बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसको पूरा करने के लिए सभी अभियान के साथ जुड़ना होगा।



कुरुक्षेत्र। पौधरोपण करते एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### शाहाबाद को प्रदेश का आदर्श नंबर वन हलका बनाना मुख्य उद्देश्य : बाबूराम तुषार

**कुरुक्षेत्र।** कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व डायरेक्टर एवं कांग्रेसी नेता बाबूराम तुषार लूखी ने कहा है कि उनका चुनाव लड़ने का मुख्यउद्धेश्य शाहबाद हल्के को प्रदेश का नंबर वन आदर्श हलका बनाना है। हल्के की सभी समस्याओं का अंत हो और लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिले। इसके लिए वह प्रयास करेंगे ।शाहाबाद हल्के को शिक्षा का हब के साथ-साथ खेलों का हब भी बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। शाहबाद हल्के के लोगों के सुख दुख में वे हमेशा साथ खड़े मिलेंगे। वे जनसंपर्क अभियान के तहत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस के पक्ष में लहर चल रही है और प्रदेश की जनता ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा को सीएम बनाने का निर्णय ले लिया है इस चुनाव में विरोधी कहीं भी टिक नहीं पाएंगे। लूखी ने कहा कि आज चुनावी मौसम है और चुनावी मौसम में अनेकों ऐसे कार्यकर्ता उम्मीदवार बनकर सामने आ रहे हैं। इनमें से अधिकतर उम्मीदवार बाहर के हलको से हैं।



कुरुक्षेत्र। जनसंपर्क अभियान के तहत मीडिया से बातचीत करते कांग्रेस नेता बाबूराम तुषार लूखी। फोटो : हरिभूमि

## बैठक में पंजाबी समुदाय ने एकजुटता का लिया संकल्प

- पंजाबी समुदाय के प्रमुख संगठनों की कुरुक्षेत्र में हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंजाबी समुदाय के विभिन्न संगठनों की कुरुक्षेत्र में एक अहम बैठक हुई। बैठक में पंजाबी समुदाय ने राजनीतिक भागीदारी को लेकर अहम चर्चा की। बैठक में हरियाणवी पंजाबी वेलफेयर सभा के कार्यकारी अध्यक्ष संत कुमार एडवोकेट, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के प्रधान अशोक मेहता, पंजाबी नेता परीक्षित मदान व रमेश मदान ने भाग लिया। सभी ने बैठक में एकजुटता का आह्वान किया। बैठक के उपरांत हरियाणवी पंजाबी वेलफेयर सभा के कार्यकारी अध्यक्ष संत कुमार एडवोकेट ने बताया कि पंजाबी समुदाय में प्रदेश में काफी समय से अनदेखी की जा रही है। हरियाणवी पंजाबी वेलफेयर सभा ने 2006 में पंजाबियों की मुख्य मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया था और कुछ मांगें पूरी भी हुई थी। पूर्व सीएम मनोहर लाल के कार्यकाल में पंजाबियों को उचित सम्मान नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पंजाबियों की अनदेखी के चलते पंजाबियों का मनोबल टूट गया और पंजाबियों का संघर्ष जो पिछले 40 साल से चल रहा था धीमा पड़ गया। अब पंजाबी फिर से अपनी मांगों को लेकर लामबंद हो गए हैं। पंजाबी समुदाय को अपनी मांगों को लेकर संघर्ष का रास्ता अपनाना पड़ेगा। बैठक में राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता ने पंजाबी समुदाय मे एकजुटता के लिए समर्थन दिया। इस मौके पर अशोक मेहता को 1947 से लेकर आज तक पंजाबियों के योगदान को लेकर लिखित पुस्तक भेंट की गई।



कुरुक्षेत्र। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक मेहता को पुस्तक भेंट करते पंजाबी नेता।

## बिरला मंदिर को किसी भी कीमत पर नहीं बिकने दिया जाएगा : नरेंद्र



कुरुक्षेत्र। बिरला मंदिर को बचाने के लिए बैठक करते प्रतिनिधि , पूर्व पार्षद और गणमान्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के प्राचीन धार्मिक स्थल बिरला मंदिर को बचाने के लिए नगर की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं और गणमान्य लोगों की बैठक मंगलवार को अखिल भारतीय सारस्वत ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र शर्मा निंदी की अध्यक्षता में सारस्वत धर्मशाला में हुई। इस बैठक में समाजसेवी अशोक शर्मा पहलवान द्वारा बिरला मंदिर को बिकने से बचाने के लिए छेड़ी गई मुहिम का समर्थन किया गया। सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि बिरला मंदिर को किसी भी कीमत पर बिकने नहीं दिया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में श्रीब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जेलेश शर्मा, मुल्तान सभा के पूर्व प्रधान एवं पूर्व पार्षद विवेक मेहता विक्की, पूर्व पार्षद मनु जैन, पूर्व पार्षद ओम प्रकाश ओपी, पूर्व पार्षद पंकज चोचड़ा, पूर्व पार्षद नरेंद्र राजू चौहान, पूर्व पार्षद गौरव शर्मा गोरी, पूर्व पार्षद अमित गर्ग शैंकी, रोड समाज के नेता एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन सचिव सुभाष पाली, रमेश शर्मा पाई, प्रेमजीत शर्मा पाई, राजेंद्र शर्मा, जोगना खेड़ा उपस्थित रहे।

### केयू करेगा गैर-शिक्षक कर्मचारियों को सम्मानित

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुवि के नियमित गैर-शिक्षक कर्मचारियों से वर्ष 2019-2023 के बीच विश्वविद्यालय हित में किए गए बेहतरीन कार्यों के लिए केयू प्रशंसा अवार्ड हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी देते हुए लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा केयू के गैर-शिक्षक कर्मचारियों में कार्य संस्कृति की भावना विकसित करने व विश्वविद्यालय हित में और ज्यादा बेहतरीन कार्य करने के लिए केयू प्रशंसा अवार्ड के लिए कैटेगरी बी, सी व डी के कर्मचारियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं तथा इच्छुक गैर-शिक्षक कर्मचारियों को आवेदन में 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 के बीच की स्वयं की उपलब्धियों, अवार्ड, अतिरिक्त ड्यूटी निभाने तथा विश्वविद्यालय हित में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान का ब्यौरा देना होगा। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इच्छुक गैर-शिक्षक कर्मचारी 20 जुलाई 2024 तक पूर्ण निर्धारित प्रारूप से साथ आवेदन कर सकते हैं।

### अग्रवाल डेंटल क्लीनिक ने लगाया निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर




कुरुक्षेत्र। बच्चों के दांतों का चेकअप करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** अग्रवाल डेंटल क्लीनिक द्वारा केएसकॉन्वेंट स्कूल में फ्री डेंटल चेकअप कैंप लगाया गया। इसमें डॉ. दीपक अग्रवाल, डा. सेजल वधवा व डॉ. तान्या कक्कड़ ने विद्यार्थियों के 300 बच्चों के दांतों की जांच की। डॉ. दीपक अग्रवाल ने बच्चों को दांतों में होने वाली बीमारियों व ब्रश करने के सही तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ज्यादातर बच्चों में मसूड़ों की समस्या जैसे मुंह की बदबू, केविटी, मसूड़ों से खून आना पाया गया। बच्चों को मसूड़ों की सफाई का ध्यान रखने के साथ-साथ हरी सब्जियां खाने की भी सलाह दी। अंत में अग्रवाल डेंटल क्लीनिक द्वारा सभी बच्चों को फ्री पेस्ट, दवाईयां, ब्रश व स्टेशनरी भी वितरित की गई। बच्चों को मीठा कम खाने की हिदायत दी गई और खाना खाने के बाद मुंह से कुल्ला करने को कहा गया। साथ में 2 बार ब्रश सुबह और रात को करने की सलाह दी गई।

### पिहोवा विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार की जीत निश्चित : संदीप ओंकार

**पिहोवा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि वह दिन दूर नही जब प्रदेश का आम व्यक्ति अपने मतदान का प्रयोग कर कांग्रेस को सतासीन करेगा तथा भाजपा की तानाशाही सरकार को बाहर का रास्ता दिखाएगा। स्वामी ओंकार ने पिहोवा में विभिन्न स्थानों पर डोर टू डोर जाकर नगरवासियों व दुकानदारों से संपर्क किया। अपने संदेश में स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि कांग्रेस की लहर को देखते हुए विपक्षी दलों विशेषकर भाजपा के नेताओं में खलबली मच गई है तथा हर कोई कांग्रेस रूपी नांव में सवार होकर अपनी नैया पार लगाना चाहता है लेकिन चुनावों में केवल कर्मठ व मेहनती कार्यकर्ताओं को ही चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत मिल रहे अपार जनसमर्थन से उनको विश्वास है। अनेक स्थानों पर लोगो ने फूलमालाएं पहनाकर स्वामी संदीप ओंकार का अभिनंदन किया तथा संदीप ओंकार को विश्वास दिलाया कि आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए हम सभी पूरी मेहनत व लगन से कार्य करेंगे।

## महंत प्रभातपुरी वरिष्ठ कन्या उच्च विद्यालय में लगेगा शिविर

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन लगाएगा विशाल हेल्थ मेला

- मेला 21 जुलाई को प्रातः 9.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के पूर्व सांसद और हरियाणा के पूर्व ऊर्जा मंत्री ओ.पी. जिन्दल की प्रेरणा से नवीन जिन्दल फाउंडेशन, महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज-अग्रोहा के सहयोग से थानेसर के झांसा रोड स्थित महंत प्रभातपुरी वरिष्ठ कन्या उच्च विद्यालय में 21 जुलाई 2024 (रविवार) को विशाल हेल्थ मेला आयोजित करेगा। प्रातः 9.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक चलने वाले इस हेल्थ मेले में हरियाणा की पूर्व कैबिनेट मंत्री और महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज की चेयरपर्सन सावित्री जिन्दल के आशीर्वाद से सौ से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क परामर्श और दवाएं देंगे। इस अवसर पर एक रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। इस रक्तदान शिविर में मरीजों को छोड़कर स्वस्थ व्यक्ति स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे। कुरुक्षेत्र के संकल्प-पत्र के अनुरूप स्वास्थ्य के क्षेत्र में सांसद नवीन जिन्दल की यह बड़ी पहल है। निजी होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज-अग्रोहा के पूर्व निदेशक व वर्तमान में वरिष्ठ प्रोफेसर और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग छाबड़ा, निदेशक (प्रशासन) डॉ. आशुतोष शर्मा और मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजीव चौहान ने हेल्थ मेला के उद्देश्य, गतिविधियों और सुविधाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हेल्थ मेले में जनरल मेडिसीन, जनरल सर्जरी, हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, त्वचा रोग, क्षय रोग एवं छाती के रोग, कान-नाक-गला रोग, आंख, दांत रोग, मनोरोग आदि के विशेषज्ञ डॉक्टरों के अलावा फिजियोथैरेपी, फामेर्सी आदि की सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी।




कुरुक्षेत्र। पत्रकारो से बातचीत करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा

इसके साथ-साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। रक्तदान शिविर के संबंध में उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर में मरीज को छोड़कर, समाज के प्रति सेवा भाव रखने वाले स्वस्थ व्यक्ति स्वैच्छिक रूप से रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का उद्देश्य है कि इस हेल्थ मेले के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सके ताकि स्वस्थ कुरुक्षेत्र का उनका सपना साकार हो। उन्होंने बताया कि विशाल मेगा कैंप लगाने की शुरूआत बाऊजी स्वर्गीय ओपी जिंदल जी ने 1998 में शुरू की थी। उनका सपना था कि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे। उन्हीं की सोच को आगे बढ़ते हुए चेयरपर्सन श्रीमती सावित्री जिंदल अब इस नेक कार्य को लगातार चलाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि सांसद रहते हुए नवीन जिंदल जी ने अपने पिछले कार्यकाल के 10 सालों में 40 से अधिक मेगा कैंप लोगों की सेवा के लिए लगवाए थे। इसके साथ-साथ पूर्व कार्यकाल की तरह मेडिकल वैन भी अगले महीने से गांव-गांव पहुंचेगी। इस अवसर पर नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### करियाना स्टोर से नकदी व कीमती सामान चोरी

**बराड़ा।** रेलवे रोड पर स्थित गोयल करियाना स्टोर में चोरी की एक घटना सामने आई है। दुकान के मालिक प्रदीप गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 13 जुलाई 2024 की रात को दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। अगले दिन सुबह जब उन्होंने दुकान खोली तो देखा कि दुकान का सामान बिखरा पड़ा था और गल्ला पूरी तरह से खाली था, जिसमें लगभग 10,000 रुपये नकद थे। छत का दरवाजा तोड़कर चोर अंदर घुसे थे। चोरों ने दुकान में रखे लगभग 20,000 के सामान पर हाथ साफ किया है। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है।

### कांग्रेस की सच्चाई जान चुकी जनताः सतप्रकाश

**बराड़ा।** भाजपा लाभार्थी योजना के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतप्रकाश बिंजलपुर ने कहा कि वे लोगों को भाजपा की जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। सतप्रकाश ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के दौरान एससी समाज के लोग जहां भारी संख्या में उनके साथ जुड़ रहे हैं वहीं सर्वसमाज भी चुनाव में उन्हें भरपूर समर्थन देने की बात कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस प्रकार कांग्रेस ने 8500 रुपए देने का झूठा वादा करके वोट हासिल किए उसे जनता जान चुकी है। अब जनता कांग्रेस के बहकावे में नहीं आएगी। भाजपा हर वर्ग की सुविधा के लिए योजनाएं चला रही है। हैप्पी कार्ड की सुविधा देकर गरीब लोगों को फ्री रोडवेज सुविधा दी जा रही है।

### धमकी देने के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना बराडा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी योवनप्रीत सिंह को शामिल जांच किया है। दहिया माजरा के विकास कुमार ने 14 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी योवनप्रीत सिंह व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी शामिल जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी वरिंद्र व परमिंद्र सिंह को शामिल जांच किया है। इस मामलें में पहले गिरफ्तार आरोपी गुरभजन सिंह उर्फ गोल्डी ने मामले में उक्त आरोपियों के संलिप्त होने की बात कही थी। लोहगढ़ के जसबीर सिंह ने 4 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 20 दिसंबर 2022 से 21 सितंबर 2023 के दौरान आरोपी गुरभजन सिंह उर्फ गोल्डी व अन्य ने उसे विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है।

### सेक्टर 25 और 26 को किया अतिक्रमण मुक्त

**पंचकूला।** पंचकूला को रेहड़ी फड़ी व अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम के तहत नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा सैक्टर 25 व 26 को नारियल लगाने वाले, नाई, फल की रेहड़ियों, पनवाड़ी व अन्य अतिक्रमणकर्ताओं से अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। अतिक्रमण दस्ता द्वारा सैक्टर 25 व 26 को

## महेंद्रगढ़ में राज्यस्तरीय बीसी सम्मेलन के लिए 40 बसें रवाना, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में महेंद्रगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय बीसी सम्मान सम्मेलन में जिला से 40 बसें रवाना हुई। इन बसों में काफी संख्या में लोग सवार होकर महेंद्रगढ़ गए। लोगों के लिए बस में जलपान की व्यवस्थाएं की गई थी ताकि उन्हें रास्ते में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो।

ओबीसी मोर्चा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नहौनी ने बताया कि सम्मेलन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के साथ सभी को साथ लेकर कार्य कर रही है। हर वर्ग के उत्थान के लिए नई-नई योजनाएं क्रियान्वित करके उन्हें धरातल पर लागू



**अंबाला।** बीसी सम्मेलन में हिस्सेदारी करने के लिए जाते कार्यकर्ता।

किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर संजीव कुमार, कृष्ण राम गौरी, जसबीर, ज्ञान पांचाल, पवन बंजारा, बलदेव राम, अभिषेक, विपुल, राजकुमार, नीरज शर्मा, रामकुमार कश्यप, किरण पाल जोगी, शमशेर सिंह, रमेश कुमार, रणजीत, राहुल के साथ-साथ अन्य मौजूद रहे।

## पंच ने स्कूल को वॉटर कूलर किया भेंट


**अंबाला।** ग्राम पंचायत केसरी के पंच जगदीप सिंह ने राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों के लिए शीतल जल की व्यवस्था करने हेतु वॉटर कूलर दान दिया । इस कार्य के लिए प्रधानाचार्य तथा सभी स्टाफ सदस्यों नेउन का धन्यवाद व्यक्त किया और आशा व्यक्त की भविष्य में भी वह विद्यालय में सहयोग करते रहेंगे। सरपंच अनुबाला व ग्राम पंचायत केसरी के सहयोग से स्कूल में सोलर लाइट और विद्यार्थियों के शौचालय में टाइल भी लगवाई गई। इसके लिए प्रधानाचार्य रोहमस व स्टाफ सदस्यों के साथ एसएमसी ने पंचायत का आभार जताया।

### परिवहन मंत्री असीम गोयल ने किया शुभारंभ

## अंबाला शहर को मिली 2 नए फीडरों की सौगात

**आंधी-तूफान या बाढ़ जैसे हालातों में बाधित नहीं होगी सप्लाई कई रिहायशी कॉलोनियों के लोगों को मिलेगा लाभ**

*अब शहरवासियों को दो नए फीडरों की सौगात से बिजली में राहत मिलेगी। इसके लगने से बिजली की और बेहतर आपूर्ति होगी। बता दें कि अंबाला शहर के बड़े हिस्से में बिजली की सप्लाई पुराने फीडरों से की जा रही थी। जो बाढ़ या फिर आंधी तूफान में खराब हो जाती थी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने मंगलवार को 1.50 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किए गए बिजली के दो नए फीडरों का बटन दबाकर शुभारंभ किया। यहां पंहुचने पर बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता व कार्यकारी अभियंता ने राज्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि बिजली की बेहतर आपूर्ति हो, इसके लिये सरकार द्वारा निरंतरता में कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में दो नए फीडरों की सौगात की शहरवासियों को मिली है। इन फीडरों के लगने से बिजली की और बेहतर आपूर्ति होगी। बता दें कि अंबाला शहर के बड़े हिस्से में बिजली की सप्लाई पुराने फीडरों से की जा रही थी। जो बाढ़ या फिर आंधी तूफान में खराब हो जाती थी। इसको देखते हुए राज्यमंत्री ने बिजली निगम को इस समस्या के स्थाई समाधान के निर्देश दिए थे। इसी समस्या के समाधान के लिए विभाग ने दो नए फीडरों तैयार किए हैं। इनका उद्घाटन मंत्री असीम गोयल ने फीडरों का स्विच ऑन करके इनका उद्घाटन किया।

**नए फीड़र का शुभारंभ करते मंत्री असीम गोयल**



**यहां मिलेगी राहत**

*राज्यमंत्री ने बताया कि शिवालिक कॉलोनी फीडर से इंद्रपुरी,रेलवे रोड,कलाल माजरी,गुरु रविदास माजरी,नदी मोहल्ला,घेल रोड,कोतवाली सराय और राधा कृष्ण बाजार एरिया व दूसरे फीडर नाहन हाउस से हरी पैलेस रोड,नाहन हाउस एरिया,पालिका विहार,राम नगर,कैथ माजरी,त्रिवेणी रोड,ओल्ड सब्जी मंडी,दो खंभा चौक एरिया,सर्कुलर रोड के लोगों को राहत मिलेगी। इन दोनों फीडरों के चलने से अब उपरोक्त इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी।*

### 5 नए सब स्टेशनों की मंजूरी, एक 66 और चार 33 केवी के लगेंगे

*असीम गोयल ने बताया कि हमारे विधानसभा में 5 सब स्टेशन भी सरकार ने मंजूर किए हैं। इसमें एक 66 केवी व चार 33 केवी के हैं। जो अंबाला शहर विधानसभा के सुल्लर,अद्दोमाजरा,उदय पुर,घास मंडी और मंडौर के नजदीक स्थापित किए जाएंगे। इनके लिए जगह की तलाश शुरू कर दी गई है। इसके बाद शहर से बिजली संबंधी समस्याएं खत्म होंगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में 1 लाख घरों को सोलर कनेक्शन दिए जाएंगे। जिससे आमजन को बेहद लाभ होगा। इस दौरान पूर्व की सरकारों पर कटाक्ष करते हुए परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि पहले की सरकारों ने कभी व्यवस्थाओं को सुधारने का काम नहीं किया। चाहे कांग्रेस की सरकार रही या इनेलो की दोनों ने आरोप प्रत्यारोप की राजनीती की और व्यवस्थाओं को बिगाड़ा लेकिन भाजपा ने प्रदेश में व्यवस्थाओं को सुधारा और हर कोने कोने में विकास किया। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के एक बयान पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि दुष्यंत चौटाला की खुशफहमी विधानसभा चुनावों में निकल जाएगी। भाजपा छोटे से छोटे मेहनती कार्यकर्ता को कहां से कहां बिठा देती है। इसका बड़ा उदाहरण मुख्यमंत्री नायब सिंह और पूर्व सीएम मनोहर लाल है। दुष्यंत को राजनीती विरासत में मिली है इसलिए आसान लगती है। इस मौके पर अधीक्षक अभियंता वीके गोयल, कार्यकारी अभियंता सुखबीर सिंह, कार्यकारी अभियंता दीपक शर्मा, एसडीओ जोगिंद्र, एसएसई रोहित, संजीव गोयल टोनी के साथ-साथ अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।*

**गाडी के सामने आवारा पशु के आने से हादसा**

## करनाल में उप निरीक्षक की कार पलटने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सीआईए टू में तैनात उप निरीक्षक सूबे सिंह की कार पलटने से मौत हो गई। उनकी कार के सामने आवारा पशु आ गया था। जिस कारण अनियंत्रित होकर उनकी कार पलट गई। उनका इलाज चंडीगढ़ में चल रहा था। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दमतोड़ दिया। परिजनों के अनुसार गांव कौल निवासी एसआई सुबे सिंह करनाल सीआईए टू में तैनात थे। वह रविवार रात को नाकाबंदी की ड्यूटी कर सोमवार सुबह करीब चार बजे वह कार में सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। जब वह सीतामाई के समीप पहुंच तो अचानक उनकी कार पलट गई। हालांकि कार पलटने के कारणों को पता नहीं चला है। आसपास के लोगों उन्हें कार से बाहर निकाला और घायल अवस्था में उन्हें करनाल के अस्पताल में लेकर आया गया। जहां से उन्हें चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। उनके सिर में गंभीर चोट लगी थी।

***दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया***

*एसआई सुबे सिंह के दो बच्चे हैं। एक लड़का कनाडा गया हुआ है तो वहीं दूसरे ने एग्रीकल्चर में पीएचडी की हुई है। दोनों बच्चों के सिर से बाप का साया उठ गया है। परिवार में मातम पसरा हुआ है।*

***शव परिजनों को सौंपा : थाना प्रभारी***

*निगदू थाना प्रभारी रमेश कुमार का कहना है कि आवारा पशु के आने से एसआई की कार पलट गई थी। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।*

**डीसी ने जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक ली**

## जोखिममुक्त बनाने के लिए फसलों का बीमा करवाना जरूरीः डॉ. यश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने आज जिला सचिवालय के सभागार में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि किसानों की भलाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की गई है। फसलों को जोखिममुक्त बनाने के लिए फसलों का बीमा करवाना आवश्यक है। डॉ. गर्ग ने बीमा कम्पनी व आईसीआईसीआई बैंक, बरवाला के प्रतिनिधि को किसानों के क्लेम का भुगतान 15 दिन के अंदर करने के निर्देश दिए।

### समाधान शिविर में आईं 78 शिकायतों को जल्द निपटाने के दिए निर्देश

**पंचकूला।** उपायुक्त डा. यश गर्ग ने आज लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की। मंगलवार को शिविर में 78 शिकायतें आई। उपायुक्त ने शिकायत से सम्बन्धित विभागों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने ग्राम पंचायत भोज राजपुरा की शिकायत पर बिजली के जर्जर पोलों को प्राथमिकता के आधार पर बदलने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत ने शिकायत में बताया कि गांव में लगे बिजली के पोल काफी जर्जर हो चुके हैं।

**परिचालक की लापरवाही से हादसा**

## बराड़ा में रोडवेज की बस से उतरते समय महिला जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

दिनारपुर गांव में बस से गांव के अड्डे पर उतरते हुए एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह दुर्घटना हरियाणा रोडवेज की बस के चालक की लापरवाही के कारण हुई। दिनारपुर के रविंद्र कुमार ने बताया कि वह साहा चौंक से हरियाणा रोडवेज की बस में सवार होकर गांव लौट रहा था। उसी बस में एक अनजान महिला भी सवार हुई थी जिसने दिनारपुर की टिकट ली थी। जब बस दिनारपुर बस अड्डे पर पहुंची, तो रविंद्र कुमार तो बस से नीचे उतर गया महिला नहीं उतर पाई। इनमें कंडक्टर ने सीटी बजा दी। चिल्लाने के बावजूद चालक ने बस नहीं रोकी। इसकी वजह से महिला बस से नीचे गिरकर जख्मी हो गई। महिला को आदेश अस्पताल में भर्ती कराया गया। अभी तक बेहोशी की हालत में है। पुलिस ने चालक और परिचालक पर केस दर्ज किया है।

## 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान यात्रा अंबाला शहर पहुंची, उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- सांसद दीपेंद्र का सरकार पर वार
- कहा अब काले धन वालों को ईडी का डर दिखाकर भाजपा ज्वाइन कराएंगे, सारे भ्रष्टाचारियों को बीजेपी में मिलाएंगे
- जनता ने भाजपा को लोस में किया हाफ, विधानसभा में करेगी साफ



रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा शुरू किए गए 'हरियाणा मांगे हिसाब' अभियान के दूसरे दिन अंबाला शहर विधान सभा क्षेत्र में बस स्टैंड से अंबिका देवी मंदिर तक पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार के 10 साल के कुशासन के खिलाफ जवाब मांगा। इस दौरान भीषण गर्मी के बावजूद सड़कों पर जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। दीपेंद्र हुड्डा के साथ अंबाला से कांग्रेस सांसद वरुण मुलाना, पूर्व मंत्री निर्मल सिंह, पूर्व विधायक जसबीर मलौर,अमीषा चावला,चित्रा सरवारा,हिम्मत सिंह,डिप्टी मेयर राजेश मेहता,जग्गा खैरा निगम सदस्य जसबीर सिंह, राकेश सिंगला, पार्षद प्रतिनिधि ईशू गोयल , युवा अध्यक्ष प्रतीक चौधरी , युवा नेता रोहित शर्मा विशु , पूर्व चेयरमैन मालक सिंह जगौली , लाभ नबरदार , टिंका कांवला, जसपाल सौंढा, बलजिदंर खैरा , जसबीर हुमांयूपुर , तरणदीप पूनिया , काला मलौर, रघुवीर रोशनपुर ,नोनू मलौर, गौरव चौपड़ा, राजबीर सौंटी, निदंर पंजौला, मिंटू खुरचनपुर , सिम्मा नंबरदार, शिंपू चौडमस्तपुर ने यहां पहुंचने पर दोनों सांसदों का पुरजोर तरीके से अभिनंदन किया। स्थानीय नेताओं ने सांसदों को शहर के लोगों ने सड़क, सीवर, सफाई से जुडी समस्याएं बताई। इसके अलावा लोगों का कहना था कि वे पोर्टल और तमाम तरह की आईडी से परेशान हो चुके हैं और सरकारी विभागों के चक्कर काटकर थक चुके है। इस पर दीपेंद्र हुड्डा ने उन्हें आश्वस्त किया कि कांग्रेस सरकार आने पर इन जनविरोधी पोर्टलों से मुक्ति दिलाई जाएगी। शंभू बॉर्डर व पूरे जिले में में धारा 163 लगाने व पुलिस कंपनियों को तैनात किए जाने पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बड़े हैरत की बात है ये ऐसी सरकार है जो सुको व हाईकोर्ट के फैसले को भी मानने को तैयार नहीं है। जनता ने भाजपा को लोकसभा में किया हाफ अब विधानसभा में करेगी साफ। हुड्डा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से केंद्र की बीजेपी सरकार के मंत्री हरियाणा से केवल वोट मांगकर जाते हैं। उन्हें हरियाणा को कुछ देकर भी जाना चाहिए। गृहमंत्री आए हैं तो कम से कम अग्निवीर योजना रद कर दें, अहीर रेजिमेंट के गठन की घोषणा कर दें।

**बराड़ा के शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित**

# कहानी सुनाओ स्पर्धा में गुरसीरत ने मारी बाजी, निर्जय दूसरे स्थान पर रहा

हरिभूममि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- तीसरे स्थान पर भव्या और कविश गोयल रहे

शैमरॉक लिटिल फ्लावर स्कूल में कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शैम प्रेप सीनियर के बच्चे अपने सुन्दर-सुन्दर प्रोप के साथ बहुत उत्साहित लग रहे थे। सभी बच्चों ने अपने प्रोप के माध्यम से कहानियां सुनाई। पहले स्थान पर गुरसीरत पाहवा, दूसरे स्थान पर निर्जय गर्ग व पर्व दुहान और तीसरे स्थान पर भव्या शर्मा व कविश गोयल रहे। जन्नत




अरोड़ा, मानस कटारिया और अवनूर कौर को सांत्वना पुरस्कार मिला। मौके पर उप - प्रधानाचार्य सुमन शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**ब्लॉक लेवल पर आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, बाजी मारने वाले छात्र पुरस्कृत**

*बराड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कालपी में ब्लॉक लेवल लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में 10 विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इनमें निबंध लेखन, नारा लेखन, भाषण, कानूनी मुद्दों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, वाद विवाद, कविता पाठ, स्पॉट पेंटिंग, पॉवर प्वाइंट प्रिजेंटेशन, और सामाजिक मुद्दों पर वृत्तचित्र फिल्म प्रस्तुति शामिल थी। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। अब ये विद्यार्थी जिला स्तर की लीगल लिटरेसी प्रतियोगिताओं में हिस्सेदारी करेंगे। कानूनी साक्षरता मिशन का उद्देश्य छात्रों और जनता को कानून के नियमों और अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि समाज में उनका व्यवहार एक आधिकारिक तरीके से नियंत्रित हो सके। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार ने साहा ब्लॉक के सभी स्कूलों से आए बच्चों को अधिक से अधिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। जिला स्तर पर और अधिक मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संजीव कुमार, कौशल कुमार, विजेंद्र सिंह, सुभाष चंद्र, सुनील पुंडीर, जितेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, नेहा, मोनिका, नीतू, और समस्त स्कूल स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।*

